संक्षिप्त

पुस्तक का विमोचन

निवाई। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में नियुक्त पुस्तकालय प्रभारी उषा स्वामी के विदाई समारोह में प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार ने उषा स्वामी द्वारा स्वरचित पुस्तक का विमोचन किया। प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि स्थानीय विद्यालय में कार्यरत पुस्तकालय प्रभारी उषा स्वामी ने पूर्ण मनो योग से राजकीय सेवा की तथा उनके विदाई समारोह में प्रमुख कवि प्रदीप पंवार तथा प्रसिद्ध शायर जिया टॉक की उपस्थिति में उनकी स्वरचित कविता पुस्तक मनोभाव का विमोचन किया। पुस्तकालय प्रभारी ने विद्यालय विकास के लिए 11 हजार की राशि भेंट की। उन्होंने गौशाला हेतु भी 11 हजार का दान दिया। इस अवसर पर सीनियर सेकंडरी विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह चौधरी, टोंक से मुकेश शर्मा, विद्यालय प्रभारी रुक्मणी मीणा, सहायक प्रशासन अधिकारी मेघराज चौधरी, व्याख्याता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल, मोहित वर्मा, प्रभाती मीना, प्रतिभा नोगिया, देवकीनंदन गौतम, मोहनलाल स्वामी, पदमचंद स्वामी तिलकराज मीणा, श्वेता नागर, मदन गोपाल वैष्णव, अनीता चौधरी, विजयलक्ष्मी चौधरी, विजयलक्ष्मी नरूका, रिंकी स्वर्णकार, ममता शर्मा पूजा यादव, कंचन सिंहल, नूपुर अठावाल, मीनाक्षी शर्मा, सुमन चौधरी, सरिता व सीमा शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

निर्माण कार्य करवाने के लिए सहमति

निवाई। झिलाय कस्बे के मुरली मनोहर मंदिर का जीणोद्धार कार्य को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें मुरली मनोहर मंदिर का नवमी जीणोद्धार कार्य करवाने का निर्णय लिया गया। मंदिर पुजारी मनीष पारीक ने बताया कि मुरली मनोहर जी का मंदिर बहुत पुराना व क्षितठास्त हो गया है उसका जीणोद्धार कार्य करवाने के लिए भंवरलाल पारीक, प्रेमचंद बोहरा, ताराचंद बोहरा, बाबूलाल सोनी, जगदीश निराला, भगवान सोनी, जगदीश साहू, लालचंद बोहरा व महेश कुमार मिश्रा सहित कई ग्रामवासियों ने बैठक आयोजित करके सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मंदिर की मरम्मत करवाई जाए। जिसको लेकर मंदिर का जीणोद्धार कार्य के शुभ मुहूर्त पर विधिवत निर्माण कार्य शुरू करवाया गया।

अध्ययन शुरू

निवाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय निवाई में बीए पार्ट द्वितीय तथा बीए पार्ट 3 सेमेस्टर द्वितीय तथा सेमेस्टर चतुर्थ का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है। प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 7 जुलाई को होगा। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिय़ा ने बताया कि बीए पार्ट द्वितीय तथा तृतीय का अध्यापन कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम का नवीन प्रवेश प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 7 जुलाई को होगा। दस्तावेज सत्यापन तथा ई-मित्र पर फीस जमा करने का प्रारंभिक तिथि 7 जुलाई तथा अंतिम तिथि 11 जुलाई 2025 है।

हादसे में दो जने घायल,

निवाई। शुक्रवार की रात को नेशनल हाईवे 52 पर होटल भारद्वाज के समीप तेज गति से आ रहे एक डंपर ने बाइक के टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद डंपर चालक डंपर को भगा ले गया और गांव झिलाय के समीप सडक़ पर खड़ा कर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी रामजीलाल जाप्ते के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों घायलों को हाईवे एंबुलेंस से उप जिला अस्पताल में लाकर उपचार के लिए भर्ती करवाया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि तेज गति ओवर स्पीड डंपर ने बाइक के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक दूर जा गिरे। पुलिस ने बताया कि इस वाहन दुर्घटना में मुकेश पुत्र हजारीलाल सैनी उम्र 30 वर्ष निवासी चाकसू जिला जयपुर व चिरंजीलाल पुत्र जमनालाल सैनी निवासी ईसरदा उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर हालत देखते हुए जयपुर रैफर कर दिया। उन्होंने बताया कि झिलाय ग्रामीणों की सूचना पर ड्यूटी अधिकारी हेड कांस्टेबल देवराजसिंह मय जाप्ते पहुंचे व डंपर को जप्त कर निवाई थाना परिसर लाकर खड़ा करवा दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण चर्चाएं

निवाई। भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल व लीड टीम के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। सत्र की शुरुआत निदेशक डॉ. शची पारीक व यशवंतकुमार पारीक द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम में प्रमुख अधिकारी डॉ. जूही मुखर्जी, गौरव डोभाल, दक्ष शर्मा व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजोरा ने नव शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी दी एवं उनको लागु करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान विद्यार्थियों को कक्षा में सीखने के माहौल और अनुभव को बढ़ाने के लिए नई पद्धितयों पर चर्चा की। कार्यशाला में सत्र 2025 में कक्षा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। जिसमें अनुशासन बनाए रखने की तकनीकें, पारितोषिक और शिक्षा शामिल है। प्रभावी पाठ योजनाएँ बनाने की रणनीतियों को लेकर स्मार्ट तकनीक विधियों व घटक शामिल किए गए। कार्यशाला का समापन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण करके किया। डॉ. जूही मुखर्जी व गौरव डोभाल ने कहा कि शिक्षा, शिक्षक व छात्र-छात्राओं के विकास के लिए भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने और दीर्घकालिक शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री संजय शर्मा ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी

अलवर निवास पर मंत्री संजय शर्मा ने जनसुनवाई की।

अलवर। पर्यावरण एवं वन मंत्री संजय शर्मा ने शनिवार को अलवर निवास जनसुनवाई की आमजन की परिवेदनाओं पर अधिकारियों त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये और कहा कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने जनसुनवाई में आए विद्युत, पेयजल, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित

■ **अधिकारियों को कहां आमजन के कार्यों में लापरवाही बिल्कुल नहीं होगी बर्दाश्त, समय पर समाधान करें ।**

अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये है। और कहा है कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित करें ।

उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें। इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठाने एवं एक पेड मां के नाम अभियान व हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण करने का भी आव्हान किया है।

वर्षों पुराना भूमि विवाद सुलझा

अलवर। राज्य सरकार द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभांवित करने के उद्देश्य से प्रदेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे की मुहिम का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। जिले में लगाए जा रहे शिविरों में आमजन के मौके पर काम होने से उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का एक स्थान पर निराकरण हो रहा है जिससे सभी ग्रामीण खुश है तथा प्रशासन के गांव-गांव में पहुंचकर शिविर में मौके पर ही किए जा रहे कामों की सराहना कर रहे हैं। रामगढ तहसील की ग्राम पंचायत चीडवा में आयोजित शिविर दीपक कपूर व सोनू कपूर के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। शिविर में लाभार्थियों की ग्राम बकायनका में काश्तकारी भूमि है जिस पर वर्षों से विभाजन के विवाद को अधिकारियों द्वारा मौके पर आपसी रजामंदी से सुलझाकर भूमि का विभाजन कराया। लाभार्थियों ने बताया कि भूमि का विभाजन नहीं होने से आपसी मनमुटाव बढ रहा था। ग्राम पंचायत में शिविर लगने की सूचना मिलने पर भूमि के विभाजन की एक राह दिखाई दी। शिविर में आने पर अधिकारियों द्वारा हमारे प्रकरण की जांच की तथा मौके पर ही दोनों की सहमति के आधार पर आराजी का हिस्सा कर कर नकल उपलब्ध कराई गई।

सार्वजनिक शौचालय बने लोगों की परेशानी का सबब

■ **जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से 15 लाख के सुलभ शौचालय में ना पानी, ना रोशनी, बदबू से लोग भी परेशान**

पावटा। कस्बा पावटा की स्वच्छता में महत्वपूर्ण स्थान निभाने वाले सार्वजनिक सुलभ शौचालय इस समय खुद स्वच्छता को तरस रहे हैं। लोगों की सुविधा के लिए कस्बे के विभिन्न स्थानों पर बनवाए गए सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की सफाई न होने से गंदगी से भरे पड़े हैं। सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग तो दूर लोग इन शौचालयों के बारे में सोचना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। अलग-अलग स्थानों पर स्थित सार्वजनिक शौचालयों की महीनों से सफाई न होने से महज दिखावा साबित हो रहे हैं।

लाखों रुपए की लागत से निर्मित सुलभ शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं। कस्बे के मुख्य घंटाघर चौक बाजार में करीब 15 लाख रुपये की लागत से बना आदर्श सुलभ शौचालय सफाई के अभाव में आमजन के लिए सुविधा की जगह दुविधा का पर्याय बन गया हैं। एक माह पूर्व इसे आमजन के उपयोग के लिए शुरू कर दिया गया। एक माह में एक बार भी शौचालय की सफाई नहीं हुई। शौचालय पूरा गंदगी से भर गया हैं। मुख्य बाजार के व्यवसायियों सहित बाहर से आने वाले ग्रामीणों के लिए मुख्य बाजार में एक मात्र यही शौचालय हैं। बाजार में बने इस सुलभ की बदबू से व्यवसायी नागरिक भी परेशान है।

सफाई न होने से लोग इनका मजबूरी में ही उपयोग करते हैं। 15 लाख रुपये की लागत से बने इस शौचालय में वॉश बेसिन सहित पानी के कनेक्शन तो दे रखे हैं। लेकिन पानी की कोई व्यवस्था नहीं हैं। शौचालय में रोशनी की व्यवस्था भी नहीं हैं। रात्रि में अंदर जाने से भी लोग कतराते हैं। कस्बेवासियों ने सुलभ में सफाईकर्मी नियुक्त करने की मांग की है। कई शौचालय ऐसे हैं, जिनकी सफाई न होने से लोगों ने थूकने के लिए स्थान बना लिया है। नगरपालिका द्वारा सफाई के लिए हर माह हजारों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं दिखता। सार्वजनिक शौचालय गंदगी से अटे होने से इनका उपयोग हो ही नहीं रहा। ऐसे में पब्लिक टॉयलेट के लिए खर्च की गई राशि बर्बाद हो रही है। सार्वजनिक शौचालयों की सफाई न कराए जाने से लोग खुले में जाने को मजबूर हो रहे है। शौच के लिए पुरुष वर्ग तो कैसे भी करके खुले स्थानों का उपयोग कर लेता है लेकिन महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद नपा प्रशासन सार्वजनिक शौचालयों की सफाई नहीं करवा रहा है। शौचालयों की स्वच्छता के अलावा यहां और भी समस्याएं हैं जिनसे विभिन्न परेशानियां निर्मित होतीं हैं। कुछ सार्वजनिक शौचालय ऐसे भी हैं अंदर से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। जिनकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। यह सार्वजनिक शौचालय लोगों की परेशानी का सबब बन गए हैं। इसकी वजह है कि नगरपालिका या सुलभ अथॉरिटी द्वारा ठीक ढंग से साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात नगरपालिका ने पावटा कस्बे मुख्य बाजार घंटाघर के पास बनाए बाथरूम में महिलाओं के लिए गेट पर से ताला ही नहीं खोला। ताला लगा होने की वजह से इसे उपयोग नहीं कर पा रहे। वही इस जगह पर शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है, और एक कोने में होने की वजह से कोई महिला तो इसे उपयोग ही नहीं कर सकती। इस तरह के हालातों में यह कहना होगा कि नगरपालिका का साफ -सफाई की व्यवस्था पर पूरी तरह ध्यान नहीं है। शहर में इस समय जितने भी सुलभ शौचालय और सार्वजनिक टॉयलेट हैं, उनकी गंदगी पसरी रहने की वजह से लोगों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। सीताराम मंदिर के सामने स्थित सार्वजनिक टॉयलेट इतना गंदा है कि यहां के दुकानदार बड़े परेशान होने लगे हैं। कुछ दुकानदार बताते हैं कि अगर किसी ग्राहक को थोड़ी देर खड़ा रहना पड़ जाए तो वह नाराज होकर चला जाता है। वहीं आसपास के दुकानदारों का भी बैठना दूभर हो रहा है। वही इनको शराबियों ने अपना अड्डा बना लिया है जिसमें केवल देशी शराब के खाली पाउच व बोतले मिलती है। इन सुलभ शौचालयों को नगरपालिका संचालित करती हैं, लेकिन इसके बाथरूम में तो गंदगी का ढेर हैं।

जनाना अस्पताल का निरीक्षण

भरतपुर (निस)। भरतपुर जिला कलक्टर कमर चौधरी ने शनिवार को सुबह राजकीय आरबीएम व जनाना अस्पताल का निरीक्षण किया कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अस्पताल के नई बिल्डिंग का काम निर्धारित अवधि से एक साल से अधिक समय होने पर भी काम पूरा नही होने को लेकर कलक्टर ने नाराजगी जताते हुये अधिकारियों को समय पर काम पूरा कर बिल्डिंग को आमजनता को सुपुर्द करने के निर्देश दिये। जिससे लोगों को लाभ मिल सके। जिला जिला कलक्टर ने आरबीएम अस्पताल पहुंचकर नवीन ब्लॉक के विकास कार्य का निरीक्षण किया। प्रत्येक मंजिल पर जाकर वार्ड के कार्य, ऑपरेशन थिएटर कक्ष, एवं लेक्चर थिएटर के कार्य का निरीक्षण कर पूर्ण गति के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवीन ब्लॉक के पास प्रस्तावित कार्य के प्लान को प्रत्येक महीनेवार विभाजित कर प्रगति लाने की बात कही। जिला कलक्टर ने जनाना अस्पताल पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया जहां सार्वजनिक निर्माण विभाग को वार्डों के मरम्मत कार्य, बीडीए द्वारा पार्क का विकास का अवलोकन किया तथा समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था एवं मरीज को दी जा रहे सुविधाओं की जानकारी ली तथा मरीजों से मिलकर अस्पताल प्रशासन द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। इस दौरान आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, आयुक्त नगर निगम श्रवण बिश्नोई सहित संबंधित विभागों की टीम उपस्थित रही।

भगवान जगन्नाथ की पूजा की

अलवर। श्री श्री 1008 श्री जगन्नाथ जी महाराज की पावन यात्रा के अवसर पर 167 वर्षों से अलवर राजपरिवार द्वारा निर्वहन की जा रही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 4 जुलाई की रात्रि भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि अलवर के आराध्य देव श्री श्री 1008 श्री जगन्नाथ जी महाराज की वार्षिक यात्रा का देर रात्रि फूलबाग पैलेस गेट पर अलवर राजपरिवार सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह जी एवं उनकी धर्मपत्नी महारानी अम्बिका सिंह जी द्वारा आरती व पूजा - अर्चना कर महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और अलवर एवं राजस्थान के परिवार समान सभी लोगों की खुशहाली की प्रार्थना की । इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, मुंडावर विधायक ललित यादव, अनिल जैन, हरिशंकर रावत, रिपु दमन गुप्ता, जे डी आर्यन आदि मौजूद रहे।

ईमाम बाड़े से बाहर निकले तीनों ताज़िए

मनोहरपुर। नगर पालिका क्षेत्र में हजरत मोहम्मद (स.अ.व.स.) के लाडले नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाले ताजियों को इमामबाडों से निकाल कर कस्बे के प्रमुख मार्गों में घुमाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।ताज़िए रूट में आ रही बाधाओं जैसे पेड़ पौधे,ढीले तार पोस्टर नीचे लगे तिरपाल को हटवाया गया।

इस दौरान जगह जगह पुलिस का अतिरिक्त जाप्ता मौजूद रहा। वही मोहर्रम के तीन ताजियेदार जिसमें लुहार मंडी का शाबीर लुहार , सारवान मोहल्ला का हाजी बूंदू पडियार, तोपचीवाडा हकीम खान इन तीनों की निगरनारी में तीनों ताज़िए जिसमें एक ताज़िए पर पांच लोग ओर तीनों पर 15 लोगों की टीम ने 15 दिन में बनाकर तैयार किया । वही सांयकाल 7 बजे मेहंदी की रस्म की अदायगी हुई इसमे अकीदतमंद अपने अपने घर से इमामबाड़ों में आए व मेहदी चढ़ाकर व फातेहा लगावाई। इस दौरान ताज़िए कार्यकर्ता सलीम शेख ने बताया की रात्रि 9 बजे बाद में मोहल्ला सारवान, मोहल्ला लुहारमण्डी व मोहल्ला तोपचिवाड़ा के तीनों ताजिए अपने अपने इमामबाड़ों से बाहर निकलें इसके बाद में ताजियों के ऊपर चाँद लगाने की परम्परा निभाई गई इसके बाद में ये तीनो ताजिये अपने अपने मुकाम से रवाना होकर कई स्थानों पर बैठक देते हुए गांधी चोक में आएं। इस दौरान गांधी चौक में मदीना छबील लगाई गई।फूल मालाओं से तीनों ताजियों को सजाया गया।यहा पर मातम की रस्म भी निभाई गई इसके बाद में अखाड़ेबाजी का कार्यक्रम शुरू हुआ जो कि रात्रि 3 बजे तक चला यहा पर मेले का आयोजन भी हुआ।

पावटा में ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम आयोजित

पावटा। सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने की और इसमें ''एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से की गई, जिसमें चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सहकारिता के जरिए हम ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं और लोगों के जीवन में सुधार ला सकते हैं। उपेन्द्र सिंह शेखावत ने डिजिटल इंडिया के युग में पैक्स, सटीक कृषि उपकरणों का लाभ उठाने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट

प्रागपुरा में सेवा समिति की ओर से चेयरमैन उपेन्द्र सिंह शेखावत मौजूदगी में ''एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया।

टेक्नॉलाजी, सहकारी फिनटेक और नीतिगत नवाचार पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों का उपयोग करके हम सहकारिता को और मजबूत बना सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्र में विकास को बढ़ावा दे सकते हैं।''एक पेड़ मां के नाम'' जैसे अभियान को भावनात्मक और पर्यावरणीय रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए उपेन्द्र सिंह शेखावत ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न

■ **डिजिटल इंडिया के युग में पैक्स, सटीक कृषि उपकरणों का लाभ उठाने इंटरनेट टेक्नॉलाजी, नीतिगत नवाचार पर भी चर्चा की गई**

केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद करता है, बल्कि यह हमारे जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाता है। कार्यक्रम में सहकारी समिति व्यवस्थापक कैलाश स्वामी, सहायक व्यवस्थापक आनंद सिंह, सहायक व्यवस्थापक नरेश सैनी, रामकरण सैनी, प्रेमप्रकाश सैनी, महिपाल यादव, पंकज सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अवैध खनन परिवहन पर कार्रवाई

अलवर। खनि अभियन्ता मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में खनिज के अवैध खनन एवं निर्गमन की रोकथाम हेतु टीम द्वारा आज अवैध खनन व खनिज का परिवहन करने पर तीन ट्रेक्टरों जिनमें एक ट्रेक्टर बजरी व 2 ट्रेक्टर मैसनरी स्टोन के विरूद्ध कार्रवाई कर पुलिस थाना बहतुकलां/ धौलागढ देवी कठूमर को सुपुर्द किए गए। इस दौरान पदम सिंह,चरण सिंह, हुकुम सिंह आदि मौजूद थे।

NAME CHANGE

I Santosh Devi W/o Harmana Ram R/o Ward No.-12, Surnana, PO.- Surnana, Dist- Bikaner, Rajasthan - 334603, have changed my name to Shanti Devi

आम सूचना

मैं गजेन्द्र सिंह W/o कृष्णा सिंह पता 25-26, जीवन विहार हीरापुरा, जयपुर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, की मेरा पुत्र अभिमन्यु सिंह व उसकी पत्नी रानी सिंह को अपनी चल व अचल सम्पत्ति (मकान, वसीयत, दुकान, स्कूल आदि) से बेदखल कर दिया है। अतः अभिमन्य सिंह व उसकी पत्नी रानी सिंह से कोई संस्था व दिगर व्यक्ति किसी प्रकार का लेन देन करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वंय की होगी सूचित रहे।

गजेन्द्र सिंह / कृष्णा सिंह 9414043666, 8764151116

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अम्बरीश चन्द्र कुडसिया को आवंटित एवं श्री देवदत्त शर्मा एवं श्रीमती सरिता शर्मा द्वारा क्रय किये गये आवास संख्या 34/ 221, योजना प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर में स्थित है, का आवंटन/ कब्जा पत्र क्रमांक 808 दिनांक 30.04.1992 प्रताप नगर से मालवीय नगर जाते समय कही गिर गया है। उक्त के संबध में गुमशुदगी रिपोर्ट क्रमांक LR No. 2818322/2025 dt. 07.04.2025 को पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई है। यह कि मेरे अभिमाध्या की फर्म M/s Muscle Domintor Pvt. Ltd. द्वारा भारतीय स्टेट बैंक की शाखा चर्च रोड़, जयपुर से उक्त आवास संख्या 34/ 221, योजना प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर को मोर्टगेज रखकर ऋण लिया जा रहा है। अतः उक्त आवंटन/ कब्जा पत्र के बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 15 दिवस में मय साक्ष्य लिखित में सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधिनुसार शून्य होगी।

भवदीय- रमेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) मो. 9950995598
C-246, मालवीय नगर, जयपुर, राज.

सार्वजनिक सूचना

खातेदारी भूमि राजस्व ग्राम बगरूखुर्द पटवार हल्का भम्भोरिया तहसील सांगानेर जिला जयपुर के खसरा नं0 485 रकबा 0.4700 हैक्टेयर, 486 रकबा 0.3500 हैक्टेयर, 488 रकबा 0.1000 हैक्टेयर 489 रकबा 0.4700 हैक्टेयर, 490 रकबा 0.6000 हैक्टेयर, 492 रकबा 0.5000 हैक्टेयर, 493 रकबा 0.1000 हैक्टेयर कुल किता 8 कुल रकबा 3.0000 हैक्टेयर में से हिस्सा 1/4 भाग अर्थात 0.7500 हैक्टेयर सम्पूर्ण को ओमप्रकाश चौधरी 9636727272 ने जरिये विक्रय इकरारनाम विलेख दिनांक 26.10.2017 को क्रय किया है एडवांस मे राशि का भुगतान किया हुआ है और विक्रय पत्र निष्पादन हेतु एक वाद संख्या 332/2024 ओमप्रकाश चौधरी बनाम घासी व वगैराह न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय में विचाराधीन है, अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी इस भूमि को क्रय न करे एवं ना ही क्रय करने का कोई इकरारनामा आदि करे अन्यथा इस संबध मे सम्पूर्ण जिम्मेदारी ऐसे व्यक्ति स्वयं की होगी।

दिनांक:5/7/2025 रामनिवास मीना, मो-8440084332

आम सूचना: यह कि एक आवासीय भूखण्ड संख्या 165, जो खसरा नं. 336 (पुराना नं. 307), ग्राम गगवाना, तहसील एंव जिला अजमेर क्षेत्रफल 200.00 वर्ग गज को श्रीमती कस्तूरा बेदी पत्नी श्री प्रदीप कुमार ने श्री अल्ला मौहम्मद पुत्र श्री हाजी अब्दुल सत्तार से जरिये विक्रय पत्र दि. 26.09.2011 द्वारा क्रय किया था। ततपश्चात उक्त के सम्बंध में श्री जब्बार खान पुत्र गफफार खान को मुख्त्यार 05.10.2017 को जरिये नोटेराईज्ड मुख्त्यारनामा द्वारा नियुक्त कर दिया गया। ततपश्चात् उक्त का क्रय श्रीमती शकीला पत्नी श्री शाहनवाज ने जरिये विक्रय पत्र दि. 17.01.2018 द्वारा कर लिया। ततपश्चात् श्रीमती शकीला से उक्त भुखण्ड के मूल विक्रय पत्र दि. 26.09.2011 व मुख्त्यारनामा गुम हो जाने पर इसकी गुमशुदगी थाना साईबर क्राईम में दर्ज करवाई गई। अब श्रीमती शकीला पत्नी श्री शाहनवाज द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 165, को बंधक रख कर Svatantra MHFCL से ऋण लिया जा रहा है। अतः उक्त भुखण्ड के स्वामित्व अथवा गुम हुए मूल दस्तावेजो के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिवस में पेश करें। बाद मियाद Svatantra MHFCL द्वारा भूखण्ड को बंधक कर लिया जावेगा तथा आपत्ति अमान्य होगी।

मनोज कुमार शर्मा, एडवोकेट
आर एम वी लॉ एसोसिएट्स 9660333985, 9079815511

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह आम सुचना प्रेषित कर सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल स्वर्गीय श्रीमती अरूणा प्रकाश, आयु 70 वर्ष, पत्नी श्री चंद्रप्रकाश, निवासी- प्लाट नम्बर 32, चित्रगुप्त नगर, इमली फाटक, 22 गोदाम, जयपुर, राजस्थान, जिनकी स्वतंत्र उपयोग व उपभोग कि अचल सम्पत्ति यूनिट नम्बर एलजी-2, स्टील्ट फ्लोर, प्लाट नम्बर 05, मां करणी नगर जी, ग्राम पांध्यावाला, जयपुर, राजस्थान मे स्थित है उक्त सम्पति को बेचान करना चाहते, यदि उक्त भुखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति है तो अन्दर मियाद 7 दिवस की अवधि मे मेरे से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करे, उक्त मियाद पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी । नन्दकिशोर प्रजापत
एडवोकेट, मोबाइल : 9079140132

कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
क्रमांक- मु.जो. /ननिज/2025/658 दिनांक- 03.07.25
सार्वजनिक सूचना

भूखण्ड सं. 2 आनंद विहार बी-1, (शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री घनश्याम शर्मा पुत्र श्री देवकरण शर्मा के नाम क्षेत्रफल 174.23 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्री अभिषेक शर्मा पुत्र स्व श्री घनश्याम शर्मा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, रजि. हकत्याग पत्र एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वत्रं के नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध करायें गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री अभिषेक शर्मा पुत्र स्व श्री घनश्याम शर्मा के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 174.23 वर्गगज का नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है । उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी ।

उपायुक्त मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री नाथूलाल शर्मा, निवासी 25, भारतेन्दू नगर, स्कीम नं. ए.के.-10, खातीपुरा, जयपुर-302012 (राजस्थान) स्वयं की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा शर्मा के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति दुकान नम्बर 12 एवं 13, वैशाली नगर, अजमेर रोड़, जयपुर (राजस्थान) स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 37 वर्गमीटर है जिसे मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा शर्मा एवं मेरे मुवक्किल के पुत्र श्री राहुल शर्मा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या 665775087 है, उक्त श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा का स्वर्गवास 19.02.2025 को हो चुका है, श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरे मुवक्किल श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री नाथूलाल शर्मा, श्री राहुल शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा है, इनके अलावा स्वर्गीय श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूकि मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा शर्मा एवं मेरे मुवक्किल के पुत्र श्री राहुल शर्मा के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं की धर्म